## संक्षिप्त

### आयुर्वेद औषद्यालय में किया पौधारोपण

**उदयपुरवाटी, (निसं)।** कस्बे के चुंगी नम्बर तीन के पास आयुर्वेद औषद्यालय में वार्ड नम्बर चार के युवको द्वारा चिकित्सा अधिकारी डा. राजेन्द्र कुमावत की उपस्थिति में पौधा रोपण किया गया। औषद्यालय में युवको ने नीम, गिलोय, गुल मोहर,पत्थरचटट, सदा बहार के पौधे लगाये। डा. कुमावत ने कहा कि फिज्जा के बिगडते स्वरूप को बचाने के लिए हमे धरती पर हर स्थित जन उपयोगी स्थलों पर पेड पौधे लगाना चाहिए। जिससे आगे आने वाली पीढी को पर्यावरण की समस्या का सामना ना करना पडे। इस दौरान रोहिताश्व, रामावतार, रहीम, शिव कुमार सैनी, नत्थूराम, फुलचन्द कुमावत, प्रतापराम सहित अन्य लोग मोजूद थे।

### जोहड़ से अतिक्रमण हटवाने की मांग

**चूरू, (कासं)।** जिला मुख्यालय पर मंजू कंवर निवासी मोती सिंह की ढाणी ग्राम पंचायत ढीणी तहसील तारानगर ने मुख्यमंत्री गहलोत के नाम ज्ञापन भेजकर जोहड़ भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग की हैं। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत में ढाणा गांव के जोहड़ भूमि में कुछ सालों से ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर पक्के मकान बना रखे है। हाल सरपंच रिंकी कंवर ने भी अपना पक्का मकान जोहड़ भूमि पर बना रखा हैं। ज्ञापन में मांग की हैं कि अतिक्रमण करवा रहे सरपंच रिंकी कंवर व अन्य पंच नेताओं के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जावें। जिससे आने वाले समय में उक्त भूमि गायों के चारागाह के रूप में काम आ सके।

### बाप-बेटे पर मारपीट का आरोप

**चिड़ावा, (निसं)।** शहर के वार्ड नं. 39 की एक महिला ने बाप बेटे के खिलाफ दुकान पर कब्जा करने तथा मारपीट करने तथा गाली गलौच करने का आरोप लगाया है। इस संबध में चिड़ावा थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चंद्रकांत पत्नी शिवरतन मालसरिया निवासी वार्ड नं 39 ने चिड़ावा थाने में रिपोर्ट दी कि सुरेन्द्र मालसरिया व उसके बेटे शरद मालसरिया ने उनकी दुकान पर कब्जा कर लिया। इस दौरान बाप-बेटे ने मारपीट की और गाली गलौच की। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### निःशुल्क परामर्श शिविर आज

**झुंझुनूं, (निसं)।** ढूकिया हॉस्पिटल में शुक्रवार को प्रातः दस बजे से दोपहर दो बजे तक स्व. हरकोरी देवी की 4वीं पुण्य तिथि पर निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। हॉस्पिटल निदेशक विकास ढूकिया ने बताया कि शिविरा में डॉ. भारत भूषण फिजिशियन, डॉ. उमराव सिंह कुल्हरी यूरोलोजिस्ट, डॉ. दीपक झाझडिया हड्डी एवं जोड रोग विशेषज्ञ, डॉ. अमित लेप्रोस्काफिक सर्जन, डॉ. मोनिका ढूकिया महिला चिकित्सक, डॉ. विवेक सिहाग निःशुल्क परामर्श देंगे।

### विवेक सिंह राठौड़ को महासचिव बनाया

**चूरू, (कासं)।** जिला कार्यालय में श्रीकरणी सेना द्वारा तहसील कार्यकारणी का विस्तार करते हुए विवेक सिंह राठौड़ सिरसला को तहसील महासचिव पद नियुक्ति दी गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ढाढर, जिला संयोजक पूर्ण सिंह चलकोई, जिला संरक्षक आलोक सिंह टकनेत, गिरधारी सिंह आदि करणी सैनिक मोजूद रहे नवनियुक्त तहसील महासचिव का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# महासंघ के कर्मचारी काली पट्टी बांधकर प्रशासन गांवों व शहरों के संग शिविरों में जतायेंगे विरोध

**झुंझुनूं, (निसं)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आंदोलन कार्यक्रम के अनुसार प्रदेशाध्यक्ष आयुदान सिंह कविया गुरूवार को सुबह 11 बजे शिक्षक भवन पहुंचे। तथा उन्होंने कर्मचारी महासंघ के घटक संगठनों के साथ बैठक ली। उसमें उन्होंने कर्मचारी आंदोलन के आगामी चरणों के बारे में विस्तार से बताया।

उनका का उद्देश्य कर्मचारी संगठनों में जागृति व चेतना पैदा करनी थी। उसके तुरंत बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शुक्रवार को जयपुर में संघर्ष समिति की प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी तथा शनिवार को अखिल राजस्थान कर्मचारी महासंघ की एक बैठक की जायेगी। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ-साथ समस्त जिलाध्यक्ष व मंत्री आमंत्रित किए गए हैं उसमें तमाम संगठनों को पाबंद किया जाएगा की 28 से 30 नवम्बर तक सभी कर्मचारी अपने कार्यालय के व्हाटसएप गु प से अपने आप को हटा लेंगे तथा सरकार को असहयोग प्रारंभ करेंगे। साथ ही 30 नवम्बर को तमाम



प्रदेशाध्यक्ष आयुदान सिंह कविया ने कर्मचारी महासंघ के घटक संगठनों के साथ बैठक आयोजित कर आगामी रणनीति के बारे में जानकारी दी।

महासंघ के कर्मचारी काली पट्टी बांधकर प्रशासन गांवों व शहरों के संग शिविरों में विरोध जतायेंगे फिर भी सरकार द्वारा सकारात्मक पहल नहीं कर कर्मचारियों की 15 सूत्री मांग पत्रों को लेकर सरकार द्विपक्षीय वार्ता आयोजित नहीं करेगी तो फिर कर्मचारी, प्रशासन गांवों व शहरों के संग शिविरों का बहिष्कार करेंगे। तत्पश्चात तमाम सक्रिय साथियों को मीटिंग में विचार रखने हेतु आमंत्रित किया गया।

बैठक में विचार रखने वाले साथी उम्मेद सिंह महला, मुकेश चौरासिया, बजरंग प्रसाद, अशोक कटेवा, गजराज कटेवा, संजीव झाझडिया, होशियार सिंह, दलीप बुगालिया आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कर्मचारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने का प्रदेशाध्यक्ष को आश्वस्त किया। अंत में जिलाध्यक्ष दुर्गाराम मोगा ने मीटिंग में पधारने पर सभी का आभार व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आव्हान किया कि 50 वर्षों से महासंघ कार्यालय की जमीन पट्टे के अभाव में यूं ही खाली पडी थी। जिसमें विधायक कोष नहीं लगाया जा सकता

- प्रदेशाध्यक्ष आयुदान सिंह कविया ने कर्मचारी महासंघ के घटक संगठनों के साथ बैठक की

थी। अब पट्टा बनने के उपरांत विधायक कोष को लगाया जा सकता है। क्योंकि नगरपरिषद द्वारा महासंघ को पट्टा जारी कर दिया गया है। जिसके लिए नगरपरिषद को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संबंधित संगठनों से आव्हान किया गया कि थोडे समय के बाद इस जमीन पर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। बैठक में भाग लेने वाले देवकरण सिंह, सतेंद्र कुमार, राजेश मीणा, राजेंद्र थालौर, संदेश कुमार जिला मंत्री ग्राम सेवक संघ, बबिता चौधरी, सुनील शर्मा, राम सिंह, रतनलाल, जगदीश शर्मा, महेंद्र, महेंद्र शास्त्री, विष्णु सहारण, लक्ष्मी नारायण, दलीप कुमार पंचायत प्रसार अधिकारी, अमर सिंह डूडी, महेंद्र सिंह आदि कर्मचारी नेता उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### धीरज का यूएई में हुआ सम्मान



**झुंझुनूं, (निसं)।** हाल ही में, यूएई में रह रहे सीए धीरज राणासरिया पुत्र विनोद कुमार राणासरिया मोदी रोड झुंझुनूं निवासी का दुबई के इण्डिया क्लब में आयोजित भव्य समारोह में मारवाडी युवा मंच और राजस्थान फाण्डेशन के द्वारा राजस्थान प्रतिभाशाली हस्तियों को महाराणा अवार्ड व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया । इस मौके पर राजस्थान फाउण्डेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव, फेडरेशन ऑफ राजस्थान एक्सपोर्टस के अध्यक्ष राजीव अरोडा एवं अभीनेत्री कल्पना अय्यर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ज्ञात रहे कि धीरज राणासरिया को यह अवार्ड ऑडिटींग, फाईनेंस एवं सामाजिक कार्यों के लिये सम्मानित किया गया।

### प्रदीप ने तीनों प्रतियोगिताओं में स्वर्ण जीते



**झुंझुनूं, (निसं)।** न्यू कॉलोनी स्थित डिफेंस पब्लिक सी. सै. स्कूल के विद्यार्थी खिलाडी प्रदीप ने 65 वीं जिला स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में 200 मीटर, 400 मीटर एवं 600 मीटर की दौड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीनों प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीते और जिला स्तर पर बेस्ट एथलीट के पुरस्कार से नवाजा गया और जिला स्तर पर एथेलेटिक्स प्रतियोगिता चैम्पियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन माता श्रवणी इंटरनेशनल स्कूल सिंघाना में 22 नवम्बर से 24 नवम्बर के मध्य हुआ। गुरूवार को विद्यालय स्तर पर छात्र को सम्मानित करते हुए डिफेंस पब्लिक सी. सै. स्कलू के चेयरमैन जी. एल. कालरे ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए विद्यार्थी को उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक निर्मल कालेर, प्रधानाचार्य रामसिहं रोहिला, समन्वयक शीशराम जाखल, खेल प्रभारी मान्वेन्द्र सिहं एवं दिलवर सिहं नेगी भी उपस्थित थे।

# बड़ाऊ में सर्वाधिक 165 पट्टे वितरित हुए



प्रशासन गांवों के संग शिविर में पट्टों का वितरण करते अतिथिगण।

**खेतडी, (निसं)।** बडाऊ की आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरूवार को शिविर प्रशासन गांव के संग अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी जयसिंह थे। अध्यक्षता पूर्व सरपंच फतेह सिंह शेखावत व सरपंच जितेंद्रसिंह चावंरिया ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार वीवेक कटारिया, एसीबीईओ अनिता चौधरी, रसूलपुर सरपंच राजेश जांगिड, पूर्व सरपंच हवासिंह, वन विभाग के रैंजर विजय फगेडियां, सहायक अभियंता महेंद्रसिंह गुर्जर,सहायक अभियंता सुरेंद्रसिंह मौजूद थें। एसडीएम जयसिंह ने बताया कि प्रशासन गांव के संग अभियान शिविर में खेतडी ब्लॉक में बडाऊ गांव में सबसे ज्यादा 165 पट्टे, 140 राजस्व रिकॉर्ड वितरण किए गए। इनके अलावा 40 जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, दो विवाह पंजीकरण, 40 जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र, 50 शौचालय आवेदन, चार सीमा ज्ञान की पत्थर गड्डी, 109 नामांतरण, 30 खातों का शुद्धिकरण, 24 खाता विभाजन, पांच रास्ता प्रकरण की रिपोर्ट, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 145 लोगों की जांच, 92 लोगों को कोविड टीके, 102 लोगों की खून बीपी एवं शुगर की जांच की। इस दौरान कुलदीप सिंह की पत्नी पिर्की कंवर के बेटी पैदा होने पर जिला कलेक्टर यूडी खान द्वारा भेजा गया बधाई पत्र तहसीलदार वीवेक कटारिया ने देकर सम्मानित किया।

# हरियाणा में 40 गाड़ियां पकड़े जाने के बाद जिला वन अधिकारी एक्शन में

**खेतडी, (निसं)।** हरियाणा के भिवानी जिले के पास सिंघानी गांव में राजस्थान की हरी लकडियों से भरी 40 गाडियां पकडे जाने के बाद से खासकर झुंझुनूं जिले के अधिकारियों पर सवाल उठने लगे हैं, इसी बात को लेकर जिला वन अधिकारी आरके हुड्डा एक्शन में आ गए है, गुरुवार को हुड्डा खेतडी के एक दिवसीय दौरे पर रहें,जहां पर उन्होंने जसरापुर, चिरानी पपुरना, खरखडा सहित कई गांव का दौरा किया, रात्रि में कार्रवाई करते हुए एक

- हरी लकड़ियों की गाड़ियां पकड़ने के मामले में झुंझुनूं जिले के अधिकारियों पर उठने लगे सवाल

अवैध खनन करती हुई जेसीबी को नालपुर से जप्त किया, वहीं खेतडी वन विभाग कार्यालय में रेंजर विजय कुमार फगेडिया व विभाग के कर्मचारियों की बैठक लेकर लकडियों की कटाई को लेकर ताबडतोड कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान आर के हुड्डा ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि जिले में पिछले 3 वर्षों में अब तक हरि लकडियों की अवैध कटाई के मामले में 221



बैठक में दिशा-निर्देश देते जिला वन अधिकारी आरके हुड्डा।

प्रकरण दर्ज करवाए हैं,वहीं 23 प्रकरण न्यायालय में चल रहें हैं,साथ ही 16 मामले राजस्थान न्यायालय में लंबित है जो हरियाणा में 40 हरी लकडियों से भरी गाडियां पकडी गई है उसमें से सिर्फ 28 गाडियां ही झुंझुनूं जिले की है,बाकी गाडियां चूरू व हरियाणा की है जिनमें खेजडी, इजरायली बबूल व अन्य प्रजाति की लकडियां भरी हुई थी, जो वन क्षेत्र की नहीं थी कृषि क्षेत्र की थी।

**वन विभाग ने जिला कलेक्टर को लिखा पत्र:-** डीएफओ आरके हुड्डा ने बताया कि लगातार हो रहे हरि लकडियों की कटाई के मामले में अब राजस्व विभाग व पुलिस के अधिकारियों को भी आगे आना चाहिए क्योंकि अधिकतर लकडियां जो काटी जा रही है वह कृषि क्षेत्र की है वन क्षेत्र की नहीं है इसलिए यदि यह दोनों विभाग भी कार्रवाई करें तो पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है और हरी लकडियों के अवैध कारोबार पर भी अंकुश लग सकता है। इस संबंध में उन्होंने जिला कलेक्टर को पत्र लिखा है।

**हरियाणा से मांगी जा रही है जानकारी:-** वन विभाग के जिला अधिकारी आरके हुड्डा के मुताबिक उन्होंने भिवानी के उप वन संरक्षक को दूरभाष व पत्र के माध्यम से जानकारी जुटाई है,कि राजस्थान से जो अवैध हरि लकडियां भरकर जा रही है और जो 4० गाडियां पकडी है, उन गाडी के संचालकों, ड्राइवरों की पूरी सूची मांगी गई है, जिससे राजस्थान में भी उन पर कठोर कार्रवाई की जा सके।

# विधायक डॉ.जितेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

**खेतडी, (निसं)।** खेतडी विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह की बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात हुई।

इस दौरान डॉ. सिंह ने सीएम अशोक गहलोत को गुलदस्ता भेंट कर सलाहकार बनाए जाने का आभार जताया और

- सीएम को खेतडी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की भावनाओं से करवाया अवगत
- दोनों की मुस्कुराहट के बाद दूर हुई डॉक्टर सिंह की नाराजगी

मंत्रिमंडल में सम्मिलित नहीं किए जाने पर खेतडी की जनता व कार्यकर्ताओं की भावना के बारे में सीएम को अवगत कराया। दोनों ने मुस्कुराकर एक दूसरे की



खेतडी विधायक डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सीएम अशोक गहलोत को गुलदस्ता भेंट कर सलाहकार बनाए जाने का आभार जताया।

तरफ देखा तो सभी गिले-शिकवे दूर हो गए, दोनों की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है जो पूरे राजस्थान में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## मंत्री ओला शनिवार को झुंझुनूं आएंगे

**झुंझुनूं, (निसं)।** परिवहन एवं सडक सुरक्षा मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला के राजस्थान सरकार में मंत्री बनने पर पहली बार शनिवार को दोपहर एक बजे जिला मुख्यालय स्थित गांधी पार्क में आयोजित होने वाले अभिनन्दन समारोह की तैयारियों को लेकर मान नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में गुरूवार को सुबह 11 बजे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को अभिनन्दन समारोह को सफल बनाने की जिम्मेदारीयां सौंपी गई। इस अवसर पर नगमा बानो सभापति नगर परिषद झुंझुनूं, उपसभापति राकेश झाझडिया, महेश चाहर, झुंझुनूं ब्लाक अध्यक्ष तैय्यब अली, गीडानिया ब्लाक अध्यक्ष मोहर सिंह सोलाना, सुमेर सिंह महला, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव खलील बुडाना, ओमप्रकाश बोहरा, कुरडाराम धींवा, पार्षद प्रदीप कुमार सैनी, बिमला बेनीवाल, रामनारायण कुमावत, जुल्फिकार खोखर, इकबाल मलवान, प्रेम कस्वां आदि शामिल रहे।

# शुरू हुई हस्तशिल्प के हौंसलों की उड़ान

**कोलसिया, (निसं)।** शेखावाटी नाम हर किसी के जेहन में सुन्दर चित्रकारी एवं कारीगरी के लिए दुनियाभर में पहचाना जाता रहा है, हवेलियों की फ्रेस्को पेंटिंग के समान ही इस इलाके के दस्तकारों की छाप भी विश्व के कोने -कोने में फैली हुई थी, किन्तु समय की मार ने शेखावाटी कारीगरों को फांकाकसी की हालत में ला दिया।

हुनरबाज दो जून के भोजन के लिए भी हुनरबाजी को छोडकर खेत - खलिहान, निर्माण आदि पर दिहाडी करने लगा है। इस बर्बादी के हालात में कोढ में खाज भूमिगत जल का दिन - प्रतिदिन समाप्ति की तरफ बढना है, जिनके लिए भी ये दस्तकारी ही एकमात्र रास्ता संभव है। इसी कठिनता का गहनता से अध्ययन कर विशेषज्ञ जन के सहयोग से कमलनिष्ठा संस्थान ने शेखावाटी क्षेत्र के कारीगरों के हौंसलो

- पहला पड़ाव पंचायत कोलसिया के सभागृह से शुरू हुआ

को फिर से एक बार उडान भरवाने का कृत्संकल्प कर शुरूआत की है। इस आगाज का गुरूवार को पहला पडाव ग्राम पंचायत कोलसिया के सभागृह से शुरू हुआ। ग्राम सरपंच प्रतिनिधि महेश पारीक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कैनरा बैंक प्रबंधक, भारतीय शिल्प संस्थान की इंटर्नशिप स्कॉलर वल्लरी नेगी, देवनकशा चुलीवाल, अक्षरा माथुर, कमलनिष्ठा संस्थान की संगीता कुमावत, सुरुचि नेहरा, कृष्णा जांगिड, सहीराम आदि ने भाग लिया। समूह लीडर बबिता कुमावत ने सभी का आभार व्यक्त किया। संस्थान के सचिव डॉ. डी. पी. सिंह ने योजना का परिचय दिया व मेहमानों का स्वागत किया।

# सेवा और सुशासन की भावना से काम करने की जरूरत : प्रधान शारदा देवठिया

**मण्डावा, (निसं)।** प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत गुरुवार को मण्डावा पंचायत समिति के मौजास ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित राउमावि में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में प्रधान शारदा देवठिया ने ग्रामीणों को संबोधित किया और प्रशासन गांवों के संग अभियान आयोजन के उद्देश्यों एवं क्रियाकलापों की जानकारी देते हुए शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों से भी कहा कि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को लाभान्वित करने के सेवा और सुशासन की भावना से काम करें।

जनता की भलाई का अभियान - प्रधान शारदा देवठिया ने राज्य सरकार की ओर से संचालित शिविरों को ग्रामीणों की भलाई का अभियान बताया और कहा कि शासन-प्रशासन ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का



शिविर में पट्टों का वितरण करती प्रधान शारदा देवठिया।

समाधान करने के साथ ही विकास की राह दे रहा है।

**हर काउंटर पर पहुंच कर पाएं जानकारी:-** उन्होंने शिविरों में प्रत्येक काउन्टर पर पहुंच कर राजकीय गतिविधियों, योजनाओं, कार्यक्रमों तथा कार्यों के बारे में जानकारी पाने का आव्हान ग्रामीणों से किया और कहा कि अपने भले की योजनाओं से जुडें। जिला कलक्टर ने अभियान के बारे में जानकारी देने के साथ ही बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देने

- अभियान आयोजन के उद्देश्यों एवं क्रियाकलापों की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आव्हान किया

तथा बच्चों के स्वाध्याय की प्रवृत्ति विकसित करने को सामाजिक विकास के लिए जरूरी बताया और इनसे जुडने पर बल दिया। इस मौके पर शिविर प्रभारी दमयन्ती कंवर, वीडियों नरेन्द्र सिंह पूनियां, तहसीलदार सुनीता रैवाड, गिरदावर चतर सिंह सीगडा, सरपंच मुकेश कुमार, ग्राम सेवक राजेश जानूं सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थें। शिविर में पट्टे भी वितरण किए गए।

## संत-महात्माओं के सानिध्य में आयोजित होगा समारोह

**झुंझुनूं, (निसं)।** सीताराम गेस्ट हाउस अलसीसर में 27 नवम्बर को पुरूषोत्तम लाल शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक जीवन की पगडंडी का विमोचन समारोह संत

- पुस्तक विमोचन समारोह 27 को

महात्माओं के सानिध्य में आयोजित किया जायेगा। जिसकी अध्यक्षता बनवारी लाल सोती पूर्व अध्यक्ष विप्र फाउंडेशन एवं मुख्य अतिथि हरिप्रसाद शर्मा अध्यक्ष राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड तथा विशिष्ट अतिथि राजकुमार रिणवा पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार, डी.वी. शास्त्री सेवानिवृत्त प्राचार्य, नवल किशोर शर्मा सेवानिवृत्त सेशन जज, श्री कृष्ण खांडल आयुर्वेद चिकित्सक, माणक मौट मणि रहेंगे। भाजपा नेता महेश बसावतिया ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य एवं जिला स्तर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति व मातृशक्ति की गरिमामई उपस्थिति रहेगी।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ (राज.)**
Fax:-01537-250043, Email.nagarpalikarawatsar@gmail.com, phone no-01537-250043
क्रमांक :- एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2021/5963-65 दिनांक :- 25.11.2021

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्री किशोर सिंह पुत्र श्री रामबक्स सिंह जाति चारण निवासी रावतसर ने आवेदन कर अपने आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। मूल पट्टा ग्राम पंचायत रावतसर द्वारा 16.07.1958 को साईज 2450 दरगज का जारीशुदा है। श्री रामबक्स व श्रीमती निहाल कंवर की मृत्यु हो चुकी है। पालिका आदेश क्रमांक 3946 दिनांक 31.07.2014 को जारीशुदा सदस्य तस्दीक प्रमाण पत्र में प्रार्थी अकेला वारिस है।

अतः अपने आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण प्रार्थी पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नहीं होगा। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, रावतसर

**कार्यालय ग्राम पंचायत सांखू पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)**
क्रमांकः-ग्राप/सांखू/नरेगा व आरडी/ई-निविदा/2021-22/.126-27 दिनांक 22.11.2021

**ई-निविदा सूचना 03/21-22**

वर्ष 2021-22 के लिए महानरेगा एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनान्तर्गत निर्माण सामग्री क्रय हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेवसाईड www.eproc.raj.gov.in पर दिनांक 25.11.2021 सांय 5 पी.एम. से ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण तथा शर्ते www.sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.raj.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

NIB No. ZCR2122A0386
यू.बी.एन.नं.- ZCR2122GLOB00874

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, सांखू, पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)
सरपंच, ग्राम पंचायत, सांखू, पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ (राज.)**
Fax:-01537-250043, Email.nagarpalikarawatsar@gmail.com, phone no-01537-250043
क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि विक्रय/2021/1655-1657 दिनांक :- 25.11.2021

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील खोड पुत्र श्री पृथ्वीराज जाति जाट निवासी रणजीतपुरा तह. व जिला हनुमानगढ़ (राज.) ने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपने व्यवसायिक भूखण्ड सैक्टर जनरल मार्केट भूखण्ड सं. 65 साईज 30X35 फुट यानी 1050 वर्गफुट में से साईज 525 वर्गफुट यानि 48.79 वर्गमीटर का नामान्तरण श्री सुनील खोड, श्रीमती राजपाल, कमला देवी व मंजू बाला पुत्र-पुत्रीयां श्री पृथ्वीराज जाति जाट के नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाह्ते है। मूल पट्टा/लीजडीड अतरिक्त कलेक्टर एवं सचिव मण्डी विकास समिति हनुमानगढ़ द्वारा श्री सूर्यप्रकाश पुत्र श्री लालचन्द जाति अग्रवाल निवासी सरदारशहर के नाम से साईज 30X35 फुट की दिनांक 15.07.1987 द्वारा जारीशुदा है। श्री सूर्यप्रकाश ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 01.12.1988 द्वारा उक्त भूखण्ड श्री पृथ्वीराज पुत्र श्री पुरखाराम व रेवंती पुत्री श्री पुरखाराम को बैचान कर दिया। श्री पृथ्वीराज की मृत्यु दिनांक 19.03.1997 को व श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री पृथ्वीराज की मृत्यु दिनांक 18.04.2021 को हो चुकी है, जिनके जायज वारिसान निम्न है 1. श्री सुनील खोड (पुत्र), 2. श्रीमती राजपाल (पुत्री), 3. कमला देवी (पुत्री), 4. मंजू बाला (पुत्री), जिनका शपथ पत्र पत्रावली के संलग्न है। अतः उक्त प्रार्थीगण अपने भूखण्ड के 1/2 हिस्सा यानि 525 वर्गफुट का विरासतन नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। अतः उक्त व्यवसायिक भूखण्ड का नामान्तरण करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(प्रमोद कुमार)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, रावतसर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ (राज.)**
Fax:-01537-250043, Email.nagarpalikarawatsar@gmail.com, phone no-01537-250043
क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि विक्रय/2021/1647-1649 दिनांक :- 25.11.2021

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील खोड पुत्र श्री पृथ्वीराज जाति जाट निवासी रणजीतपुरा तह. व जिला हनुमानगढ़ (राज.) ने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपने आवासीय भूखण्ड सैक्टर आवासीय निकट धानमण्डी भूखण्ड सं. 55 साईज 70X120 फुट यानी 8400 वर्गफुट यानि 780.66 वर्गमीटर का नामान्तरण श्री सुनील खोड, श्रीमती राजपाल, कमला देवी व मंजू बाला पुत्र-पुत्रीयां श्री पृथ्वीराज जाति जाट के नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। मूल पट्टा/लीजडीड अतरिक्त कलेक्टर एवं सचिव मण्डी विकास समिति हनुमानगढ़ द्वारा श्री पृथ्वीराज पुत्र श्री पुरखाराम जाति जाट के नाम से साईज 70X20 फुट की दिनांक 29.05.1990 द्वारा जारीशुदा है। श्री पृथ्वीराज की मृत्यु दिनांक 19.03.1997 को व श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री पृथ्वीराज की मृत्यु दिनांक 18.04.2021 को हो चुकी है, जिनके जायज वारिसान निम्न है 1. श्री सुनील खोड (पुत्र), 2. श्रीमती राजपाल (पुत्री), 3. कमला देवी (पुत्री), 4. मंजू बाला (पुत्री), जिनका शपथ पत्र पत्रावली के संलग्न है। अतः उक्त प्रार्थीगण अपने भूखण्ड का विरासतन नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है।

अतः उक्त व्यवसायिक भूखण्ड का नामान्तरण करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(प्रमोद कुमार)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, रावतसर